

GMCH
HEALTH IS HAPPINESS


**गीतांजली हॉस्पिटल**
नेशनल हाईवे-8 बायपास, उदयपुर

0294-2500044

www.geetanjalihospital.co.in Join us on

GMCH
HEALTH IS HAPPINESS

# बाल प्रत्यारोपण




## चर्म, रतिज एवं कुष्ठ रोग विभाग

## गंजापन : आधुनिक युग में पुरुषों की विशाल समस्या

गंजापन वह प्रक्रिया है जिसमें पुरूष अपने सिर के आगे-पीछे के बाल खो देते हैं। यह पुरूषों के हॉर्मोन्स ( टेस्टोस्टेरोन ) के कारण होता है।



भारत में लगभग 70 प्रतिषत पुरूष गंजेपन से प्रभावित होते है। कुछ लोगों को कम गंजापन होता है, जबकि काफी लोगों को छोटी सी उम्र में ही ज़्यादा गंजापन हो जाता है। गंजापन चाहे ज़्यादा हो या कम, पुरूषों की निजी, व्यावसायिक व सामाजिक ज़िदगी को प्रभावित करता ही है। बाल पुरूषों के व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। दोस्तों व सहकर्मियों द्वारा गंजे व्यक्ति का हमेशा मज़ाक बनाया जाता है। परिणामस्वरूप गंजे व्यक्तियों को समाज में संकोच महसूस होने लगता है और इसी कारण वे सामाजिक अवसरों पर जाने में हिचकते है। गंजा व्यक्ति अपनी उम्र से 10-20 वर्ष बड़ा लगता है, जिसके कारण बहुत बुरा महसूस होता है और यह भावना व्यक्ति की निजी ज़िदगी को काफी हद तक प्रभावित करती है। यदि बालों के झड़ना किशोरावस्था में ही शुरू हो जाए, तो शादी होने में भी अड़चने आती है। व्यावसायिक तौर पर भी, अच्छे व्यक्तित्व की ज़रूरत अभिनेताओं, मॉडल्स व मीडिया शख्सियत तक ही सीमित नहीं है। सहकर्मियों व सीनियर्स में भी गंजे व्यक्तियों को कम महत्ता दी जाती है। साथ ही गंजे लोगों में आत्मविश्वास की कमी होती है। इन व्यक्तियों का पहली छवि गलत पड़ती है जो कि व्यावसायिक तौर पर हानिकारक होती है। इसलिए गंजेपन का इलाज जरूरी है ताकि व्यक्ति की निजी व व्यावसायिक ज़िंदगी बेहतर बन सके।


## बाल प्रत्यारोपण की निम्न सामान्य अवधारणाएं है :–

- मैं नए शहर में आने के बाद गंजा हो गया हूँ
- मेरी कॉलोनी व शहर के खराब पानी की वजह से गंजापन हो रहा है
- हॉस्टल के खराब खाने के कारण मुझे गंजापन हो गया है
- नियमित तौर पर एक ही प्रकार का तेल इस्तेमाल करने से गंजापन नही होता।




ऐसा कुछ नही है आपकी रहन-सहन/खान-पान/व आदतों में जो गंजापन रोक सके। केवल प्रशिक्षित डर्माटोलोजिस्ट ही गंजेपन से आपको बचा सकते हैं।सौभाग्यवश गंजेपन का इलाज अब संभव है, और इसका इलाज है बाल प्रत्यारोपण। बाल प्रत्यारोपण एकमात्र एसा इलाज है जिसके द्वारा बहुत कम समय में गंजेपन का स्थायी समाधान किया जा सकता है एवं अपने प्राकृतिक बालों को वापस पाया जा सकता है ।

## प्रश्नः गंजापन क्यों होता है?




उत्तरः शरीर में हॉर्मोन्स का मनुष्य के बालों पर असर होता है जिससे बाल धीरे-धीरे हल्के (पतले) पड़ने लगते है। समय के साथ यह बाल इतने पतले हो जाते है कि मोटे काले बालों की जगह बहुत छोटे पतले रूएं जैसे बाल रह जाते है।इस कारण मरीज के सिर पर बाल होते हुए भी मरीज गंजा प्रतीत होता है।

## प्रश्नः गंजापन होने के क्या कारण होते है?

उत्तरः जैसे कि ऊपर लिखित है कि गंजापन हॉर्मोन्स के प्रभाव से होता है। विभिन्न व्यक्तियों में हॉर्मोन्स के एक समान होने पर भी किसी के वह गंजापन कर सकते है और किसी में नही। देखा गया है कि जिन व्यक्तियों के रक्त संबंधियों में गंजापन होता है ( जैसे पिता, भाई, चाचा, मामा ) उनमें गंजापन होने की संभावना ज़्यादा होती है।



## प्रश्नः खान–पान में क्या सावधानियां या बदलाव करने से गंजेपन से बचा जा सकता है?

उत्तरः खान-पान की आदतों से गंजेपन में कोई

प्रभाव नही पड़ता है। गंजेपन के मरीज को किसी भी चीज़ से परहेज़ करने की कोई आवश्यकता नही है। पौष्टिक व संपूर्ण आहार का सेवन करना चाहिए।

### प्रश्नः हमारे घर में पानी खारा आता है, जिसके कारण मुझे गंजापन हो गया है। इसके लिए मैं क्या करुँ?

उत्तरः पानी के खारा या मीठा होने से गंजेपन का कोई संबंध नही है। यह समाज में फैली भ्रांतियां है जिनकी कोई वैज्ञानिक पुष्टि नही है।

### प्रश्नः मैं पढ़ाई करने के लिए दूसरे शहर में हॉस्टल में रहता हूँ। वहाँ का खान-पान एवं पानी बहुत खराब है जिसके कारण मुझे गंजापन हो गया?

उत्तरः यह बहुत आम धारणा है। परंतु सत्य यह है कि युवावस्था में लड़के शहर बदलकर पढ़ाई एवं नौकरी करने जाते है, एवं इसी उम्र में शरीर में हॉर्मोन्स की गतिविधि बढ़ जाती है। गंजापन होता हॉर्मोन्स की गतिविधि से है परंतु मरीज को लगता है कि वह शहर बदलने के कारण हुआ है।

### प्रश्नः गंजेपन से बचाव के लिए मुझे कौनसे शैम्पू एवं तेल का उपयोग करना चाहिए? बाजार में बहुत सारे शैम्पू व तेल उपलब्ध है जो कि गंजेपन को ठीक करने का दावा करते है। क्या इनका उपयोग करने से गंजेपन से मुक्ति मिल सकती है?



उत्तरः गंजेपन का मरीज किसी भी प्रकार से गंजेपन से मुक्ति पाने की कोशिश करता है, एवं विज्ञापनों से प्रभावित होकर शैम्पू और तेलों का उपयोग करता रहता है। परंतु इस प्रकार गंजापन दूर करने का दावा करने वाले शैम्पू और तेलों के विज्ञापन भ्रामक होते है। दुर्भाग्यवश मरीज को यह तब मालूम पड़ता है जब वह सालों तक इनका उपयोग कर लेता है। मरीजों को इस प्रकार के लुभावने विज्ञापनों से प्रभावित होने से बचना चाहिए।

### प्रश्नः नहाते समय व कंघा करते समय मेरे रोज 15-20 बाल गिर जाते हैं, एवं इस कारण मुझे गंजापन होता जा रहा है। इसका क्या उपाय है?




उत्तरः जैसा कि पहले भी लिखित है कि गंजेपन का कारण बाल झड़ना नहीं, अपितु बालों का अत्यधिक पतला, छोटा एवं रंगहीन से जाना होता है, जिससे वो आँखों को दिखाई नहीं देते। नहाते समय एवं कंघा करते समय जो बाल गिरते है उनकी वजह से सामान्यतः पुरूषों में गंजापन नही होता। बालों का इस प्रकार झड़ना शरीर की सामान्य प्रक्रिया है, जिसमें पुराने बाल ( जिनका जीवन पूरा हो गया है ) झड़ जाते है एवं उनकी जगह जड़ से नए बाल आते रहते हैं। रोज के 100 बाल तक नहाने और कंघे में झड़ना सामान्य माना जाता है।

### प्रश्नः गंजेपन का इलाज क्यों आवश्यक है?

उत्तरः बाल हमारे व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गंजेपन से ग्रस्त व्यक्ति दोस्तों और परिवार के तानों से पीड़ित रहता है। इन लोगों में एक हीन भावना पनपने लगती है एवं आत्मविश्वास की कमी हो जाती है। वो समाज से, विशेषकर नए लोगों से मिलने से कतराने लगते हैं। अगर गंजापन छोटी उम्र में हो गया हो तो युवा लड़कों के विवाह में भी परेशानी आती है। गंजे व्यक्ति की उम्र उसकी वास्तविक उम्र से 10-20 साल तक

ज्यादा लगती है। अच्छे व्यक्तित्व की आवश्यकता मात्र टी.वी., फिल्मों के कलाकारों की ही नही अपितु हर व्यक्ति की निजी एवं सामाजिक प्रगति के लिए आवश्यक है।



**प्रश्नः क्या प्रत्यारोपित बाल भी गंजेपन के असर से समय के साथ कम हो जाते है?**

उत्तरः नहीं, क्योंकि प्रत्यारोपित बालों पर हॉर्मोन्स का असर नहीं होता, इसलिए वो समय के साथ कम नही पड़ते। प्रत्यारोपित बालों की मोटाई एवं घनत्व बना रहता है।



**प्रश्नः मुझे बहुत अधिक गंजापन है, एवं बस पीछे और साइड में थोड़े बाल शेष रह गए है। क्या मै भी बाल प्रत्यारोपण करवा सकता हूँ?**

उत्तरः हाँ, किसी भी श्रेणी के गंजेपन में बाल प्रत्यारोपण किया जा सकता है। जिन पुरूषों में गंजापन अधिक है। उनमें समस्या यह आती है कि प्रत्यारोपित करने के लिए सिर पर पर्याप्त बाल शेष नही रहते। इस स्थिति में मरीज के शरीर के अन्य भागों ( जैसे दाढ़ी , छाती आदि ) से बाल लेकर सिर पर प्रत्यारोपित किया जा सकते है। बहुत अधिक गंजेपन के मरीज को थोड़े समय के अंतराल पर 2 या 3 बार में प्रत्यारोपण करवाने की आवश्यकता पड़ सकती है। इस बारे में अधिक जानकारी अपने चर्म रोग विशेषज्ञ से प्राप्त करें।




**प्रश्नः मेरी उम्र 55 वर्ष है। क्या इस उम्र में भी बाल प्रत्यारोपण करवाया जा सकता है?**

उत्तरः बाल प्रत्यारोपण किसी भी उम्र में करवाया जा सकता है। अगर आप







## बाल प्रत्यारोपण के लाभ

- किसी भी उम्र के पुरूष बाल प्रत्यारोपण करवा सकते हैं
- बिना दुष्प्रभाव वाली बहुत सुरक्षित प्रक्रिया
- प्रत्यारोपण के मात्र12 महिनों में कुदरती एवं स्थाई बाल
- प्रत्यारोपित बाल सामान्य बालों की तरह ही बढ़ते हैं, जिन्हें कटिंग करवाना, शैम्पू इत्यादि करना संभव है
- प्रत्यारोपण के अगले ही दिन से काम आरंभ करना संभव

## गीतांजली हॉस्पिटल में ही बाल प्रत्यारोपण क्यों

- उच्च प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सक
- आधुनिक उपकरणों द्वारा जांचें
- किफायती दरों पर बाल प्रत्यारोपण
- बालों की देखभाल एवं स्वास्थ्य हेतु विशेष परामर्श



## बाल प्रत्यारोपण विशेषज्ञ



## डॉ. निधीश अग्रवाल

**MBBS, MD**
(Dermatology venereology & leprosy)
**Assistant Professor**
(Dermatologist, Cosmetologist
& Hair Transplant Specialist)
**GMCH, Udaipur**